वी.यू. में वृहद पीपल पौधारोपण कार्यक्रम

जबलपुर। दिनांक 16.07.2019। महामहिम कुलाधिपति व राज्यपाल, म.प्र. शासन के निर्देशानुसार एवं परिपालन में नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर की विभिन्न इकाईयों पर वृहद पीपल पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी रहे। इसी तारतम्य में विश्वविद्यालय में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक पीपल के पौधों का रोपण किया गया। जिसमें पशुधन प्रक्षेत्र, आमानाला पर 132, पशुधन प्रक्षेत्र, अधारताल पर 20, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, रीवा में 20 तथा पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू पर 15 इस प्रकार कुल 187 पीपल के पौधे रोपित किये गए एवं विधिवत तथा अपेक्षित जानकारी महामहिम राज्यपाल महोदया, म.प्र. शासन कार्यालय को प्रेषित की गई। इस अवसर पर अधिष्ठाता संकाय, डॉ. एस.एन.एस. परमार, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. वाय.पी. साहनी, कार्यवाहक कुलसचिव, डॉ. व्ही.के. भट्, महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. आर.के. शर्मा, संचालक विस्तार सेवायें, डॉ. सुनील नायक, डॉ. ए.के. गौर, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. एम.के. मेहता, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, महू, डॉ. एस.एस. भदौरिया, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, रीवा, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. सुदिप्ता घोष, डॉ. शिल्पा गजभिये, डॉ. सोना दुबे, श्री विनोद शर्मा एवं समस्त छात्र–छात्राओं, अधिकारीयों, व कर्मचारीयों की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर